- ❑ सहायक आंकड़े परियोजना के सामाजिक पलुओं से जुड़े सरकारी स्त्रोतों/दस्तावेजों, नीतियों, नियमों, दिशानिर्देशों और सरकारी आदेशों से लिए गए हैं।
- ❑ क्षेत्र का दौरा और विभिन्न स्तरों पर हितधारकों से बातचीत।
- ❑ ऑटो-रिक्शा चालकों का अर्द्ध-संरचित साक्षात्कार।

जेएसआरआरडीए के लिए अवर अभियंताओं और सहायक अभियंताओं की भर्ती

डॉ एम जे जेवियर, डॉ अमित सचान और डॉ तनुश्री दत्ता की टीम ने झारखंड राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण (जेएसआरआरडीए) के लिए अवर अभियंताओं (जेई) और सहायक अभियंताओं (एई) के लिए भर्ती प्रक्रिया संचालित की। कुल 50 एई पद और 150 जेई पदों के लिए 1195 (एई के लिए 386 और जेई के लिए 809) आवेदन प्राप्त हुए जिनकी जांच की गई और वे लिखित परीक्षा के लिए उपयुक्त पाए गए। लिखित परीक्षा के बाद एई पद के लिए 157 उम्मीदवारों और जेई पद के लिए 384 उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया गया। अंततः 50 एई और 150 जेई की एक सूची भर्ती के लिए जेएसआरआरडीए के पास भेजी गई।

ग्रामीण पेयजल आपूर्ति क्षेत्र की स्थिति और प्रदर्शन का आंकलन

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड सरकार ने "झारखंड राज्य के लिए ग्रामीण जल क्षेत्र का आंकलन" शीर्षक की एक परियोजना सौंपी। राज्य में कार्यक्रम की स्थिति और ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजनाओं के प्रदर्शन के आकलन के लिए एक टीम बनाई गई जिसमें डॉ एम जे जेवियर, डॉ सुबीर वर्मा और डॉ अमित सचान शामिल थे। टीम ने परियोजना के प्रारूप और इसके कार्यान्वयन के लिए जानकारी भी प्रदान की।

स्थापना दिवस

आईआईएम रांची ने 6 जुलाई, 2012 को होटल बीएनआर चाणक्या में अपना तीसरा स्थापना दिवस मनाया। समारोह में सम्मानित मुख्य अतिथि के तौर पर श्री ए. एम. मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट, कोक, सिंटर ऐंड आयरन ऐंड इंडस्ट्रियल रिलेशन्स और विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्री आर पी सिंह, सलाहकार एमडी, टाटा स्टील लिमिटेड, जमशेदपुर मौजूद थे।

प्रो. एम जे जेवियर ने स्वागत भाषण दिया जिसमें उन्होंने तेजी से

बढ़ने वाले आईआईएम के तौर पर संस्थान के उद्देश्यों और आकांक्षाओं के बारे में बताया।

सम्मानित मुख्य अतिथि श्री ए एम मिश्रा ने अपने संबोधन में बी-स्कूल स्नातकों से इंडस्ट्री की अपेक्षाओं पर चर्चा की। सम्मानित अतिथि श्री आर पी सिंह ने भी इस मौके पर अपने विचार साझा किये और अपनी शुभकामनाएं दी।

प्रो. सुबीर वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया जिसके बाद समारोह का समापन हुआ।

बाहरी दुनिया को आईआईएम रांची के अंदर चलने वाले जीवन की झलक देने के उद्देश्य से एक वेबसाइट तैयार करने के लिए पीजीडीएम और पीजीपीईएक्स के छात्रों ने साथ मिलकर काम किया। वेबसाइट को सभी पाठ्क्रमों के छात्रों के लिए एक मीटिंग प्वाइंट के तौर पर शुरू किया गया जिस पर सभी गतिविधियों, प्रायोजन के अवसर आदि से संबंधित पूरी जानकारी होगी। आने वाले वर्षो में नई ऊंचाइयों को छूने की आकांक्षा रख रहे आईआईएम सदस्यों की मौजूदगी में स्थापना दिवस आईआईएम रांची के इतिहास में एक और गौरवशाली दिन के रूप में चिन्हित हुआ।

पीजीपीईएक्स के दूसरे बैच का उद्घाटन

आईआईएम रांची ने 25 अगस्त, 2012 को उद्घाटन समारोह का आयोजन कर पीजीपीईएक्स छात्रों के दूसरे बैच का स्वागत किया।

इस मौके पर माननीय श्री सुदेश महतो, उप मुख्यंत्री, झारखंड और श्री अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक, साइबर क्राइम मौजूद रहे। प्रो. एम. जे जेवियर, निदेशक, आईआईएम रांची ने औपचारिक रूप से स्वागत भाषण दिया, इसके बाद श्री सुदेश महतो जो उप मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ ग्रामीण विकास, जल संसाधन, वन एवं पर्यावरण और साथ ही सांस्कृतिक मामलों के मंत्री भी हैं, ने प्रेरणादायक बातें कहीं। उनके द्वारा कहे गए शब्द बेहद प्रेरणादायक थे, एक ऐसे व्यक्ति के शब्द जो युवा और शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर प्रो. जो फिलिप, संस्थापक और अध्यक्ष, जेवियर इंस्टीटच्यूट ऑफ मैनेजमेंट ऐंड इंटरप्रेन्योरशिप मौजूद थे। प्रबंध शिक्षा और प्रबंधकों के लिए कौशल पर उनके विचार छात्रों के लिए काफी उपयोगी थे। इसके उपरांत श्री अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक, साइबर क्राइम ने प्रेरक भाषण दिया। प्रो. मधुरिमा देव द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन से पीजीपीईएक्स का औपचारिक उद्घाटन पूर्ण हुआ जिसके बाद कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सम्मेलन, संगोष्ठी एवं कार्यशाला

आयोजन

सम्मेलनों की सूची

क्रम सं0	शीर्षक	तिथि	राष्ट्रीय / अंतरराष्ट्रीय
1	कैटालाइजिंग चेंज एट टेडएक्स	19 फरवरी 2012	अंतरराष्ट्रीय
2	लीडरशिप समिट-कॉन्फ्लूएंस ऑफ इंडस्ट्री कैप्टन्स	27 जुलाई 2012	राष्ट्रीय
3	इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन मैनेजमेंट इन द न्यू वर्ल्ड ऑर्डर	13 और 14 अगस्त 2012	अंतरराष्ट्रीय
4	बिजनेस एनालिटिक्स कॉन्क्लेव	17 अगस्त 2012	राष्ट्रीय
5	द्वितीय एचआर कॉन्क्लेव	21 और 22 सितंबर 2012	राष्ट्रीय
6	समर्पण	12-14 नवंबर 2012	राष्ट्रीय
7	सिम्पोजियम-सोशल इंटरप्रेन्योरशिप ए वायाबल बिजनेस प्रोपोजिशन	9 दिसंबर 2012	राष्ट्रीय
8	टेड एक्स- ड्रीम डेयर डू	3 फरवरी 2013	अंतरराष्ट्रीय

नई विश्व व्यवस्था में प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

सेंटर फॉर इंडियन मैनेजमेंट (सीआईएम) द्वारा 13 और 14 अगस्त 2012 को नई विश्व व्यवस्था में प्रबंधन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएमएनडब्ल्यूओ) आयोजित किया गया। सम्मेलनों की प्रस्तावित द्विवार्षिक श्रृंखला का यह पहला सम्मेलन था। पहले आईसीएमएनडब्ल्यूओ में देश भर के लेखकों से 200 से ज्यादा सारांश प्राप्त हुए जिनमें से 52 पेपर को अंततः सम्मेलन के दौरान प्रस्तुति के लिए स्वीकार किया गया। इन आलेखों को टाटा मैकग्रा हिल द्वारा प्रकाशित एक कॉफ्रेंस संस्करण में संकलित किया गया।

पहले आईसीएमएनडब्ल्यूओ से जुड़े दो अन्य विशेष अंक भी थे। सम्मेलन के विभिन्न ट्रैकों को समेटते इन विशेष अंको को जर्नल ऑफ इंडियन बिजनेस रिसर्च (इमराल्ड) और इंटरनेशनल जर्नल ऑफ बिजनेस ऐंड इर्मजिंग मार्केट्स (इंडरसाइंस) ने प्रायोजित किया। 52 पेपर -कांफ्रेंस वाल्यूम से लिए गए पेपर इन विशेष अंको के लिए अब समीक्षा के विभिन्न चरणों में है।

पहले आईसीएमएनडब्ल्यूओ के दौरान कई मुख्य वक्ताओं ने सम्मेलन में उपस्थित श्रोताओं को संबोधित किया। इनमे प्रो. पृथ्वीराज चटोपाध्याय- हांगकांग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस ऐंड टेक्नोलॉजी, प्रो. भरत दवे-यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया, प्रो. सत्येंद्र सिंह- यूनिवर्सिटी ऑफ विनिपेज, कनाडा, प्रो. शिरीश सी श्रीवास्तव- एचईसी, पेरिस, फ्रांस और श्री एम. वी. सुबैया- मुरूगप्पा ग्रुप के पूर्व चेयरमैन शामिल थे।

इन मुख्य भाषणों ने सम्मेलन के सभी सात ट्रैकों पर लेखकों के प्रस्तुतियो के साथ मिलकर रांची में बौद्धिक रूप से जीवंत दो दिवसीय अवसर प्रदान किया। सभी इंडियन इंस्टीटच्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) में यह संभवतः इस तरह का पहला प्रयास था।

व्यापार विश्लेषिकी सम्मेलन

विशेषज्ञों के ज्ञान संसाधन और आईआईएम रांची के छात्रों के उत्सुक मन के मेल से 17 अगस्त 2012 को आयोजित "व्यापार विश्लेषिकी सम्मेलन" अत्यंत सफल रहा।

विश्लेषिकी के व्यापकता को देखते हुए निदेशक प्रो. एम. जे. जेवियर ने सम्मेलन के थीम के तौर पर व्यापार विश्लेषिकी को दायरे में लाया। इस दौरान दो ज्ञान-युक्त सत्र आयोजित किए गए। सम्मेलन की अध्यक्षता व्यापार विश्लेषिकी केंद्र के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार बाला ने किया।

श्री कुणाल दुरेजा, करियर एजुकेशन के कंट्री मैनेजर, आईबीएम ने समाधान पर पहुंचने के लिए लाइव केस स्टडी और विभिन्न उद्योगों से डाटा के महत्व के बारे में बताया। श्री प्रशांत तिवारी, कंट्री मैनेजर, व्यापार विश्लेषिकी एवं ऑप्टमाइजेशन मार्केटिंग में विभेदन के महत्व और कराधान तथा दूसरे सरकारी कार्यों में विश्लेषिकी गुंजाइश पर प्रकाश डाला।

पहला सत्र व्यापार विश्लेषिकी के साथ सीखने के प्रतिमान को पुनः परिभाषित करने के थीम पर आधारित था जिसमें विश्लेषिकी के क्षेत्र के कुछ प्रख्यात विशेषज्ञों ने छात्रो के साथ अपने उपयोगी

विचार साझा किये। वक्ताओं में प्रोफेसर गणेस कन्नाबिरन, डीन, रिसर्च ऐंड कंसल्टिंग, एनआईटी त्रिचि, श्री अजय लखानी, कैपिटल वन, श्री डेरिक जोस, फ्लूचुरा, श्री ए. जे. साईनाथ और ए टी केर्नी के श्री नीतिन गोड़ावत शामिल थे।

सम्मेलन में प्रोट्रैक एजुकेशन के डॉ. रंधीर मिश्रा, श्री धीरज अवस्थी, सीनियर वीपी, रिस्क एनालिटिक्स, एचएसबीसी, श्री राजीव बाफना, सीईओ, एनलिटिका, श्री आदित्य खांडेकर (सीएफए) सीनियर जीएम, बैंकिंग एनालिटिक्स, ग्लोबल एनालिटिक्स ग्रुप, एचपी की गिताली हलदर और श्री असीम अली किदवई जैसे उद्योगों के विश्लेषिकी क्षेत्र से कई नामचीन हस्तियों ने भाग लिया।

सत्र के दौरान छात्रों को विश्लेषिकी पेशे की जरूरतों की बारीकियों से अवगत कराया गया, खासकर के विश्लेषिकी के क्षेत्र में विजनिंग और परामर्श कौशल के महत्व के बारे में बताया गया।

लीडरशिप समिट "कॉन्फ्लूएंस ऑफ इंडस्ट्री कैपटेन्स"

27 जुलाई 2012 को एक लीडरशिप समिट "कॉन्फ्लूएंस ऑफ इंडस्ट्री कैपटेन्स" का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य थीम "विजन 2020" था और इसमें प्रमुख कॉर्पोरेट लीडरों ने भाग लिया। आईआईएम-राँची के छात्रों के लिए यह एक सीखने वाला अनुभव रहा। कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले मेहमानों की सूची बेहद प्रभावशाली थी। वित्त, इंजीनियरिंग, आईटी, दूरसंचार और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे विभिन्न क्षेत्रों के उल्लेखनीय वक्ताओं ने बताया कि वे 2020 को किस रूप में देखते हैं।

दिन भर चले कार्यक्रम की शुरूआत श्री ए. के. सिंह (सीईओ, एस्सार पावर) के दिलचस्प व्याख्यान के साथ हुई। "ईश्वर की तरह निर्माण करो, एक राजा की तरह शासन करो, एक गुलाम की तरह काम करो" श्री सिंह ने कॉन्स्टैंटिन ब्रन्कुश की इन पंक्तियों को उद्धृत करते हुए शुरूआत की और अखंडता को मुख्य लक्षण बताते हुए एक नेता के व्यक्तित्व के अभिन्न घटकों के बारे में अवगत कराया। एक अन्य व्याख्यान में श्री गोपाल सिंह (चेयरमैन और एमडी, सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड) ने केंद्रीय विषय पर और विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

सत्र के पहले हिस्से में दो अन्य विशिष्ट वक्ताओं श्री वी. नीलकंठन (कंट्री हेड, आईबीएम) और श्री संजय शर्मा (अध्यक्ष, जिंदल स्टील ऐंड पावर) ने अपने विचार रखें। श्री नीलकंठन ने बेहद उत्साहपूर्वक अंदाज में भारत में आईटी उद्योग के भविष्य की संभावनाओं के बारे में बताया। श्री शर्मा ने स्टील और ऊर्जा के क्षेत्र में तकनीकी विकास के असर का विश्लेषण करते हुए सत्र को आगे बढ़ाया।

सत्र के विचारपूर्ण और प्रेरक पहले भाग के बाद, भोजन के बाद के सत्र की शुरूआत श्री शिवालिक प्रसाद (निदेशक, मैप माई इंडिया) द्वारा मैप माई इंडिया की वृद्धि पर एक शिक्षाप्रद व्याख्यान के साथ हुई। स्थानीय रंग जोड़ते हुए श्री धीरेंद्र कुमार (एमडी, झारक्राफ्ट) ने कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ आत्मविश्वास का महत्व बताया। अंतिम दो वक्ताओं श्री पंकज मोहिंद्रू (राष्ट्रीय अध्यक्ष, इंडियन सेल्यूलर एसोसिएशन) और श्री ए. के. सक्सेना (कार्यकारी निदेशक, भूषण स्टील) ने क्रमशः करियर के बढ़ते अवसरों और समावेशी शिक्षा प्रणाली की जरूरत पर अपने विचार रखे।

सम्मेलन का उद्देश्य जीवन के हर क्षेत्र से एक जैसी सोच रखने वाले लोगों को एक साथ लाना था। इंडस्ट्री के कप्तानों का मेल, आईआईएम-राँची का यह लीडरशिप समिट उद्योग-व्यापार क्षेत्र के अग्रणियों को अपना विजन 2020 साझा करने के लिए एक साथ लाया। साथ ही इसने इंडस्ट्री और आईआईएम-राँची के शैक्षणिक समुदाय के बीच अपने विचार साझा करने के एक मंच का काम भी किया जिससे आज के नेताओं को कल के नेताओं से मिलने और उन्हें प्रेरित करने का अवसर मिला।

दूसरा एचआर कॉन्क्लेव

आईआईएम रांची ने अपना दो दिवसीय दूसरा वार्षिक एचआर कॉन्क्लेव 21 सितंबर 2012 को आयोजित किया। इस कॉन्क्लेव का थीम 'टर्निंग द टाइड ऑन अनरेस्ट इन वर्कफोर्स' था। इस दौरान विभिन्न उद्योगों के प्रख्यात लीडरों ने दुनियाभर में संस्थानों के सामने आ रही चुनौतियों पर गहन चर्चा की। कॉन्क्लेव में इस स्थिति को बदलने में एचआर मैनेजरों की भूमिका पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. एम. जे. जेवियर द्वारा दिए गए स्वागत भाषण और प्रो. बिजया मिश्रा के मुख्य भाषण से हुई, उसके बाद आईआईएम रांची के एचआर क्लब के एचआर पत्रिका 'पीपुल शास्त्र' के पहले संस्करण का अनावरण हुआ।

महिंद्रा ऐंड महिंद्रा के सलाहकार श्री एलेन सिक्वेरा की अध्यक्षता में कॉन्क्लेव के पहले सत्र में कार्यबल में मतभेद की वजह बनने वाले विभिन्न कारकों और कैसे एचआर मैनेजर इस समस्या को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं, पर विस्तार से चर्चा हुई। श्री सिक्वेरा ने विभिन्न स्तरों पर कार्यबल के बढ़े हुए आकांक्षाओं के बारे में बताया और टॉप-डाउन के साथ-साथ बॉटम-अप संवाद के महत्व पर बल दिया जो कार्यबल में मतभेद को काफी कम करेगा। श्री के. ए. नारायण, प्रेसिडेंट-एचआर, रेमंड और श्री संदीप चौधरी, पार्टनर, एओन हेविट ने भी छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए।

दूसरे सत्र की अध्यक्षता पद्मजा अलगानंदन, कार्यकारी निदेशक, पीडब्ल्यूसी ने इस तथ्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उच्च विकास दर वाले व्यवस्था में धन का असमान वितरण कर्मचारियों के बीच हमेशा मतभेद की वजह बनता है। श्री अनादोरूप घोष, निदेशक, एओन हेविट, श्री बिप्लव बनर्जी, कार्यकारी निदेशक, एचआर, जीएसके लिमिटेड और श्री सेबी चाको, वीपी एचआर, थॉमसन रायटर ने विभिन्न उद्योगों में मुआवजे के प्रक्रियाओं पर चर्चा की।

भोजन के बाद सत्र की शुरूआत कार्य-जीवन संतुलन पर एक पैनल चर्चा के साथ हुई। पैनल में श्री पार्था दासगुप्ता, सीईओ, एपोजी लीड्स, श्री आर. श्रीधर, वाइस प्रेसिडेंट-एचआर, आईटीसी लिमिटेड और डॉ दलजीत सिंह, अध्यक्ष, फोर्टिस हेल्थकेयर शामिल थे। डॉ दलजीत सिंह ने आप जो करते है उसे पसंद करने के महत्व को बताया जो खुशी देता है जिससे कार्य-जीवन संतुलन सुनिश्चित होता है।

दिन के लिए समापन स्तर का संचालन श्री एस वेंकटेश, सीईओ स्वनिश्था ने किया। श्री विकास शिरोडकर, जेनरल मैनेजर-एचआर, जेनरल मोटर्स और श्री सरब प्रीत सिंह, हेड-लर्निंग ऐंड डेवलपमेंट के पैनल ने एचआर के क्षेत्र में सामरिक संरेखण के महत्व पर चर्चा की। श्री सिंह ने एचआर के क्षेत्र के रहस्यों को हटाते हुए आईआईएम-राँची के छात्रों को एक एचआर कर्मी के कार्य से जुड़ी वास्तविक जिम्मेदारियों के बारे में बताकर उन्हें सही कारणों के लिए इस क्षेत्र में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री शिरोडकर ने आज मुख्य प्रबंध अधिकारियों के सामने आ रहे मुख्य मुद्दों और समस्याओं का समाधान प्रदान करने के लिए उद्योग में एचआरएम के महत्व के बारे में बात की।

कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया जो एक देशव्यापी वीडियो बनाने की प्रतियोगिता में प्रविष्टियों के रूप में प्राप्त हुए थे। प्रतियोगिता का थीम "कार्य जीवन संतुलन" था जिसमें देश भर के विभिन्न बी-स्कूलों ने भाग लिया। कुल मिलाकर यह कॉन्क्लेव वहां मौजूद सभी के लिए एक समृद्ध अनुभव था और उन्हें कॉन्क्लेव में भाग लेने वाले उद्योगों के प्रसिद्ध लीडरों से बहुमूल्य अंतदृष्टि प्राप्त करने का मौका प्रदान किया।

सहभागिता

डॉ अमित सचान

- दि सोसाइटी ऑफ ऑपरेशंस मैनेजमेंट (एसओएम 2012) के 16 वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन में ''सेगमेंटिंग कस्टमर चॉइसेस फॉर बेटर प्रोडक्ट डिजाइन'' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।(21-23 दिसंबर, 2013)
- हैदराबाद में डिसीजन साइंसेज फॉर परफॉरमेंस एक्सेलेंस पर आयोजित छठे अंतर्राष्ट्रीय सम्मलेन में ''मेजरिंग गैप बिटवीन कस्टमर प्रैफरेंसेज ऐंड मैनेजर्स पर्सेप्सन ऑफ कस्टमर्स प्रिफरेन्सेज'' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।(27-29 दिसंबर,2012)
- दि केस रजिस्ट्रेसन सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से, हार्वर्ड बिजनेस पब्लिशिंग द्वारा आईआईएम बैंगलोर में ''आर्ट ऐंड क्राफ्ट ऑफ डिस्कसन लीडरशिप'' विषय पर सेमिनार का आयोजन।(6-8 जनवरी, 2013)

डॉ अमरेंदू नंदी

- यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन ,यूके में हाई कमीशन ऑफ इंडिया, लंदन द्वारा ''इंडिया-यूके स्किल्स ऐंड पार्टनरशिप कॉन्फ्रेंस'' का आयोजन।

डॉ आनंद

- आईआईएम कलकत्ता द्वारा आयोजित इंडिया फाइनेंस कॉन्फ्रेंस 2012 में ''ए स्टडी ऑफ इनफार्मेशन कंटेंट ऑफ एनालिस्ट्सश् एस्टिमेट्स ऑफ एकाउंटिंग इनकम नंबर्स'' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। (19-21 दिसंबर, 2012)

डॉ बिजया मिश्रा

- बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, वाराणसी में इंडियन सोसाइटी ऑफ लेबर इकोनॉमिक्स द्वारा आयोजित सेमिनार ''चैलेंजेज बिफोर इंडियन ट्रेड युनियंस इन द फेस ऑफ न्यू ग्लोबल आर्डर : ट्रेड यूनियन ऐंड एचआर परस्पेक्टिव्स'', में शोधपत्र प्रस्तुत।(20-22 दिसंबर, 2012)।

डॉ जी आर चंद्रशेखर

- कंसास सिटी, एमओ में आयोजित इंडस्ट्री स्टडीज कॉन्फ्रेंस में ''रिसर्च इंटेंसिटी ऐंड न्यू वेंचर परफॉर्मेंस'' पर शोधपत्र प्रस्तुति के लिए डॉ चंद्रशेखर को आमंत्रित किया गया।(28-31 मई, 2013)

डॉ एम जे जेवियर

- शंघाई जियाओ टोंग यूनिवर्सिटी, चाइना और एमबीए यूनिवर्स.कॉम द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित चतुर्थ अंतर्राष्ट्रीय बिजनेस स्कुल शंघाई कॉन्फ्रेंस (आईबीएसएससी) में चाइना- इंडिया बी स्कूल डीन्स डायलॉग सेषन'' में कॉन्फ्रेंस स्पीकर बने।(28-31 मई, 2013)

डॉ मधुरिमा देब

- सैम हॉस्टन स्टेट यूनिवर्सिटी, हॉस्टन (टेक्सास, यूएसए) में आयोजित जेनरल बिजनेस कॉन्फ्रेंस में ''माइनिंग डायमंड्स फ्रॉम कस्टमर्स एक्सपेक्टेशंस ऐंड ओरिएन्टेशन्स'' नामक शोधपत्र प्रस्तुत किया। यह शोधपत्र ग्राहकों की अपेक्षाओं और अनुभवों पर आधारित है। यह अध्ययन भारतीय रिटेल सेक्टर के सन्दर्भ में था।(13-14 अप्रैल, 2012)

डॉ मौसमी पाढ़ि

- इंडियन इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑफ इमर्जिंग ट्रेंड्स इन टेक्नोलॉजी ऐंड मैनेजमेंट में ''बिल्डिंग ए केस फॉर रिसर्च इन वर्क फॅमिली लिंकेजेज : परस्पेक्टिव्स फ्रॉम एकेडमिक ऐंड पॉपुलर रिसर्च'' नामक पेपर प्रस्तुत किया।(22 दिसंबर, 2012)
- आईआईएम बैंगलोर में आयोजित दसवें एआईएमएस इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस व मैनेजमेंट में ''रोल ऑफ कॉंग्रुएन्स इन वर्क फॅमिली इंटरफेस'' विषयक पेपर प्रेजेंट किया।(6-9 जनवरी, 2012)
- दि केस रजिस्ट्रेसन सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से, हार्वर्ड बिजनेस पब्लिशिंग द्वारा आईआईएम बैंगलोर में ''आर्ट ऐंड क्राफ्ट ऑफ डिस्कसन लीडरशिप'' विषय पर सेमिनार का आयोजन। (6-8 जनवरी, 2013)

डॉ प्रदीप के बाला

- आईएमटी नागपुर द्वारा ''आईटी ऐंड बिजनेस इंटेलिजेंस (आईटीबीआई-2012) चतुर्थ इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित। (23-25 नवंबर, 2012).

डॉ शिबाशीष चक्रबर्ती

- आईआईटी दिल्ली और कर्टिन यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित छठे इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन कॉन्टेम्पररी बिजनेस 2012 (आईसीसीबी 2012) में ''ऐन एक्सप्लोरेट्री स्टडी व डिटर्मिनैंटस ऑफ लीडिंग मोबाइल नेटवर्क प्रोवाइडर्स - केस ऑफ कोलकाता, इंडिया'' शीर्षक से पेपर प्रेजेंट किया। (अक्टूबर 18 एंड 19, 2012)

डॉ विकास श्रीवास्तव

- 30-31 जनवरी, 2013 को हैदराबाद में रिस्क मैनेजमेंट इन बैंकिंग, इंश्योरेन्स ऐंड फाइनांस पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मलेन में ''प्रोजेक्ट फाइनांस ऐंड रिस्क मैनेजमेंट इन इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग बाय इंडियन बैंक्स'' शीर्षक से पेपर प्रस्तुत किया।

श्री जयंत त्रिपाठी

- आईआईएम रायपुर में आईआईएम लाइब्रेरी ''कॉन्सोरटियम मीटिंग'' आयोजित। (28-29 सितम्बर, 2012)
- आईआईटी गांधीनगर के साथ संयुक्त रूप से आईआईएम अहमदाबाद में ''इंडेस्ट कंसोर्टियम मीटिंग'' आयोजित। (17-19 जनवरी, 2013)
- आईआईएम कोझिकोड में ''डिजिटल लाइब्रेरीज यूजिंग ग्रीनस्टोन सॉफ्टवेयर'' पर इंटरनेशनल वर्कशॉप। (20-24 अगस्त, 2012)

श्रीमती जानकी जगन

- सोसाइटी फॉर इकोनॉमिक रिसर्च ऐंड ट्रेनिंग, नई दिल्ली द्वारा गोआ में ''गवर्नमेंट रिजर्वेशन पॉलिसी फॉर एससी, एसटी, ओबीसी, ऐंड फिजिकली हैंडीकैप्ड विथ स्पेषल एम्फैसिस ऑन द रिजर्वेशन फॉर माइनॉरिटीज'' पर टेक्निकल वर्कशॉप। (11-13 अक्टूबर, 2012)

कार्यक्रम

हिंदी पखवाडा

भारत सरकार के निर्देशानुसार 1 सितम्बर - 14 सितम्बर तक हिंदी पखवाडा का आयोजन किया गया था। इस दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये गए, जिसमें सभी कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

1. तत्क्षण भाषण
2. शब्द जाल
3. काव्य पठन
4. कहानी लेखन
5. श्रुतिलेख

कार्यक्रम के समापन दिवस पर सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

मुख्य सतर्कता अधिकारी (चीफ विजिलेंस कमिश्नर) की निगरानी और आईआईएम-राँची के मानव संसाधन विकास मन्त्रालय के निर्देशानुसार 31 अक्तूबर से लेकर 5 नवम्बर 2012 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस सप्ताह के दौरान निम्नांकित कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस कार्यक्रम में आई आई एम राँची के छात्रों ने बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया।

दिनांक 1 नवम्बर 2012 को ''भ्रष्टाचार मुक्त सामज'' विषय पर एक चर्चा आयोजित की गई। इस वार्ता में श्री रविन्द्र वर्मा, सीवीओ-एचईसी, श्री आनन्दो सेन, झारखण्ड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता, और आई आई एम राँची के निदेशक प्रोफेसर एम. जे. जेवियर उपस्थित थे।

इसी कड़ी के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए एक वार्ता भी आयोजित की गई। इस वार्ता के निर्णायक मंडली में डॉ. जी आर चंद्रशेखर, डॉ. विकास श्रीवास्तव और डॉ. बिजया मिश्रा उपस्थित थे। इस वार्ता का विषय था ''क्या भ्रष्टाचार को अचानक कम या खत्म किया जा सकता है?'' इस विषय पर आई आई एम के छात्रों ने अपने सुझाव और विचार रखे जिसके द्वारा भ्रष्टाचार को समाज से खत्म किया जा सकता है या कम किया जा सकता है। प्रत्येक बैच (पीजीडीएम, पीजीडीएचआरएम और पीजीपीईएक्स के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) के छह-छह विद्यार्थियों ने इस वार्ता में भाग लिया।

मोमबत्ती रैली (कैंडल लाइट मार्च)

20 नवम्बर 2012 को खेलगांव स्थित आईआईएम के छात्रावास परिसर में आईआईएम लखनऊ की पूर्व छात्रा मंजूनाथ शानमुगम, जिसकी हत्या कर दी गई थी, उसकी याद में मोमबत्ती रैली और अखंडता की शपथ का आयोजन किया गया।

तेल में मिलावट के खिलाफ आवाज बुलंद करते वक्त आईओसीएल की सेल्स मैनेजर मंजूनाथ शानमुगम की यूपी के लखीमपुर गिरि में दिनांक 19 नवम्बर 2005 को हत्या कर दी गई थी। मंजूनाथ ने घूस लेने से इंकार कर दिया था और धमकियों की परवाह नहीं की थी।

आईआईएम-राँची के निदेशक प्रोफेसर एम.जे.जेवियर ने 200 से भी अधिक छात्रों के साथ मिलकर मंजूनाथ शानमुगम की याद में मोमबत्ती रैली निकाली। छात्रों ने ईमानदारी और अखंडता की रौशनी और सन्देश फैलाते हुए खेलगाँव स्थित आवासीय परिसर का भ्रमण किया।

तुरंत बाद सभी छात्रों ने जीवन में ईमानदारी और अच्छाई की राह पर चलने की शपथ भी ली। प्रोफेसर एम. जे. जेवियर ने भावी मैनेजरों को अपने सभी निर्णयों में ईमानदार और पारदर्शी रहने की सीख दी और उन्हें शपथ दिलवायी। सभी विद्यार्थियों ने मंजूनाथ शानमुगम और समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी लड़ाई की याद में दो मिनट का मौन भी रखा। आईआईएम-आर राँची के निदेशक ने भी भ्रष्टाचार पर बोलते हुए अपने जीवन के कुछ सच्चे अनुभव विद्यार्थियों के साथ बाँटें।

दैनिक भास्कर | रांची

भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने वाले मंजुनाथ की याद में स्टूडेंट्स ने निकाला कैंडल मार्च

मंजूनाथ शानमुगम की शहादत को नमन करते हुए आईआईएम-राँची के सभी सदस्यों, कर्मचारियों और छात्रों ने आईआईएम के सदस्यों के साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित की।

अंतर्राष्ट्रीय निशक्तता दिवस

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निर्देश के आलोक में आईआईएम-राँची 3 दिसंबर 2012 को परिसर में अंतर्राष्ट्रीय निशक्तता दिवस मनाया गया।

समर्पण

समर्पण, आईआईएम-आर की सामाजिक जिम्मेदारी क्लब ने नवम्बर से जनवरी तक निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया

1. शुभेच्छा - त्योहारों के लिए शुभकामना सन्देश -समर्पण के सदस्यों ने इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों के लोगों तक दीपावली की शुभकामनाओं के सन्देश पहुँचाये। दीपावली की छुट्टियों में सभी छात्र छात्रावास में ही रहते हैं अतः उन्होंने कुछ ऐसे भले काम किये जिसे याद कर वे ताउम्र खुश होते रहेंगे।
   - पहला दिन : सदस्यों ने पहले दिन बिरसा मुंडा जेल का भ्रमण किया और वहाँ जन्मे और पल रहे बच्चों के बीच ऊनी वस्त्र, उपहार और चॉकलेट का वितरण भी किया। ये सारे बच्चे 6 वर्ष से काम आयु के थे। सदस्यों ने जेल के अंदर रह रहे लोगों के द्वारा बनाये जा रहे विभिन्न वस्तुओं को भी देखा।
   - दूसरा दिन : आईआईएम-राँची के निदेशक ने दिवाली पूजा और उसके समारोहों के दौरान आईआईएम-राँची छात्रावास के सुरक्षा प्रहरियों और गाड़ी चालकों के बीच गरम कपड़ों और स्वेटरों का वितरण किया।
   - तीसरा दिनः इस दिन वृद्धाश्रम और अनाथालय के लिए भ्रमण किया गया। इस क्लब के सदस्यों ने इन सबों के बीच मफलर, स्नेक्स और मिठाई बाँट कर उनके चेहरे पर भी त्योहारों की खुशी लाने का प्रयत्न किया। आईआईएम-राँची के छात्रों ने वहाँ रह रहे बच्चों के साथ फुटबॉल मैच भी खेला। इस एक छोटी सी पहल ने सबों के चेहरे पर हँसी की बड़ी रेखा खींच दी।
2. सिम्पोजियम :- समर्पण के सदस्यों ने 9 दिसंबर 2012 को आईआईएम-आर के सूचना भवन में ''सोशल इंटरप्रेन्योरशिप अ वाइबल बिजनेस प्रोपोजिशन'' पर एक सिम्पोजियम आयोजित किया। कल के भावी लीडरों के दिमागी कसरत के लिए एक पैनल डिस्कशन का भी आयोजन किया गया था जिसमें छात्रों को समाज के लिए किये जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में जागरूक किया गया साथ ही कुशाग्र बुद्धि वाले छात्रों के लिए समाज में उपलब्ध अवसरों पर बात भी की गई।

पैनल डिस्कशन में आमंत्रित वार्ताकारों ने काफी अच्छे व कारगर सुझाव दिए। श्री सुनील कुमार, निदेशक लघु और मध्यम श्रेणी उद्योग, ने जोर डालते हुए कहा कि इंटरप्रेन्योरशिप में युवाओं को समुचित प्रशिक्षण और निर्देशन देने की जरूरत है। इन बातों के अभाव में युवा पीढ़ी ऐसे पेशे/नौकरी से जुड़े रह जाते हैं जिनमें उनकी रूचि नहीं होती। श्री संतोष शर्मा, जो एक सामाजिक इंटरप्रेन्योर हैं, उन्होंने कहा कि ''सोशल इंटरप्रेन्योरशिप न सिर्फ एक सही कदम है बल्कि एक स्थिर विकास के लिए सही रास्ता भी है।'' श्री एस शादाब हुसैन, निदेशक एच एच हाई स्कूल, जहाँ गरीबों और अनाथ बच्चों की देख रेख की जाती है उन्होंने कहा कि सोशल इंटरप्रेन्योरशिप की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहाँ कोई आपका प्रतिद्वंदी नहीं बल्कि सभी आपस में सहकर्मी ही हैं। श्री सम्राट सेनगुप्ता, विकास भारती राँची, ने इस तथ्य पर प्रकाश डाला कि कोई समुचित दिशा या योजना नहीं होने के कारण लोग इसे अवकाशीय प्रशिक्षण के रूप में अपना तो लेते हैं पर 10 प्रतिशत लोग ही इस क्षेत्र में गंभीरता से आगे बढ़ते हैं। इस कार्यक्रम ने युवाओं को संसार के यथार्थ से परिचित कराया और उनमें एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए संघर्ष करने का जोश जगाया। कार्यक्रम के विस्तृत प्रसारण के लिए इसे आईआईएम राँची के गूगल चैनल में भी दिखाया गया।

पं. चेतन जोशी

पंडित चेतन जोशी का कार्यक्रम

आईआईएम राँची के खेल और संस्कृति विभाग के द्वारा 13 अक्टूबर 2012 को महान बाँसुरी वादक पंडित चेतन जोशी की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

टोस्ट टू टोस्टमास्टर्स

संवाद और नेतृत्व विकास में दुनिया का नेतृत्व करने वाला संगठन अंतर्राष्ट्रीय टोस्टमास्टर्स और इनके सदस्यों ने लोगों के वाचन क्षमता और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के लिए 38 देशों के 35,700 क्लबों में सम्मलेन किया है और लोगों के बीच नेटवर्क स्थापित किया है। आईआईएम राँची टोस्टमास्टर्स क्लब ने भी वहां के छात्रों को ऐसे अवसर प्रदान किये जिनसे उनमें वाकपटुता, और एक आत्मविश्वासी नेता होने की कला विकसित हो सके। आईआईएम राँची टोस्टमास्टर्स ने 10 नवम्बर 2012 को अपनी पहली मीटिंग थीम ''एक नई शुरूआत'' के साथ की। इस मीटिंग में आईआईएम राँची के सीनियर और जूनियर बैच के छात्रों के साथ-साथ बाहर के लोगों ने भी भाग लिया और अपने विचार रखे। सदस्यों ने खुद अन्य सदस्यों की प्रस्तुति का मूल्यांकन किया। फीडबैक की यह प्रक्रिया इस कार्यक्रम के सफलता की महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुई। छात्रों ने समय प्रबंधन के तरीकों को भी जाना।

प्रतिभागियों ने ''25 नॉट आउट'' और ''बाल्बोआ इन मी'' (प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता रॉकी बाल्बोआ की लाइन में) विषय पर अपने भाषण प्रस्तुत किये। पहले सत्र की शुरूआत बड़े ही रोचक ढंग से हुई। अनेक प्रतिभागियों ने अपने विचार रखे साथ ही श्रोताओं में से भी कुछ लोगों ने अपने विचार रखे। हर वर्ग के सबसे अच्छे वक्ता को पुरस्कृत किया गया। ''टोस्ट मास्टर्स'' कार्यक्रम ने हर व्यक्ति में इतना आत्मविश्वास भर दिया कि वे समूह के समक्ष भय मुक्त होकर अपने विचार रख सकें और भविष्य में भी अपने वाचन क्षमता से खुद को और समाज को लाभान्वित करें। निश्चित तौर पर आईआईएम राँची और इसके टोस्टमेकर्स क्लब मिलकर एक ऐसा मंच तैयार करेंगे जहाँ लीडर बनाये जाएँगे।

आईआईएम-राँची में स्पिक मैके तथा म्यूजिक क्लब का उद्घाटन

पं. राजेन्द्र प्रासन्ना

5 दिसम्बर, 2012 को आईआईएम राँची में स्पिक मैके का उद्घाटन समारोह मनाया गया। इस कार्यक्रम में विश्व प्रसिद्ध बाँसुरी वादक पंडित राजेंद्र प्रसन्ना मुख्य प्रस्तुतकर्ता थे। पंडित राजेंद्र प्रसन्ना पंडित हरि प्रसाद चौरसिया और पंडित रोनू मजूमदार की श्रेणी के विश्वप्रसिद्ध बाँसुरी वादक हैं। इस शानदार समारोह के साथ आईआईएम राँची के म्यूजिक क्लब का औपचारिक रूप से उद्घाटन हुआ। खेल और सांस्कृतिक समिति के तत्वाधान में म्यूजिक क्लब को आकार प्रदान किया गया। छात्रावास में उन प्रतिभागियों के लिए म्यूजिक कक्षा का निर्माण किया गया जो संगीत में रूचि रखते हैं या संगीत की कार्यशाला या कक्षा में भाग लेना चाहते हैं। इससे इतर भी कई सारे महत्वपूर्ण सत्रों का आयोजन किया गया। पीजीडीएम 2012-14 के विवेक तोमर और अंकुर सौरभ को क्लब का संयोजक नियुक्त किया गया।

ओडीआई का आइडिया पार्टनर

इंडिया-इंग्लैण्ड ओडीआई क्रिकेट मैच के मद्देनजर प्रतिष्ठित संस्था आईआईएम राँची ने झारखण्ड राज्य क्रिकेट संस्था से अपनी साझेदारी की। इस संयुक्त प्रयास के जनक झारखण्ड राज्य क्रिकेट संस्था के प्रेरक और विचारशील अध्यक्ष श्री अमिताभ चौधरी और आईआईएम राँची के निदेशक एम जे जेवियर थे।

आईआईएम-राँची को ओडीआई के लिए आइडिया पार्टनर बनाया गया। छात्रों ने निम्न कार्यकर्मों का आयोजन किया :

- छात्रों ने हर प्रकार की गतिविधियों का आयोजन कर सोशल मीडिया मार्केटिंग किया।
- ''हर दिन जीतें एक टिकट'' क्विज ने लोगों की भारी भीड़ इकट्ठी कर दी।
- हीरो मोटो कॉर्पोरेशन के सहयोग से आयोजित यह रोड शो
- राँची के रोड शो के इतिहास में कदाचित पहला रोड शो था जिसमें इतनी भीड़ इकट्ठी हुई थी।

19 जनवरी 2013 को राँची में नव निर्मित झारखण्ड राज्य क्रिकेट एसोसियशन स्टेडियम में पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला गया। सभी छात्र मिलकर इस मैच के प्रचार - प्रसार, न्यायायिक सहयोग, पार्किंग स्थान की उपलब्धता, भीड़ को नियंत्रित रखने की व्यवस्था, मीडिया मैनेजमेंट इत्यादि में लगे रहे।

टेड एक्स

टेड ''आइडियाज वर्थ स्प्रेडिंग'' को समर्पित एक विश्वव्यापी सस्था है। यह संस्था विचारों की शक्ति में पूर्ण विश्वास करती है और यह मानती है कि विचारों के माध्यम से हम किसी की मनोवृत्ति या जीवन में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया को बदलने का सामर्थ्य रखते हैं। आज वैश्विक क्रांति भी स्पष्ट विचारों के द्वारा ही समाज में अर्थपूर्ण परिवर्तन लाने की बात कर रही है। टेड एक्स का निर्माण कुछ इस तरह किया गया है कि इसके तहत समाज, संस्था और व्यक्ति को अपने अनुभवों को व्यक्त करने के अवसर मिल सकें। टेड एक्स के दूसरे आयोजन का नाम था ''सपने देखने का साहस करो'' जिसे 3 फरवरी 2012 को आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े वक्ताओं को अपने अनुभव बाँटने के लिए आमंत्रित किया गया। इस के तहत पंडित राजेंद्र प्रसन्ना की जीवंत प्रस्तुति का आयोजन भी किया गया।

छात्रों की समितियाँ एवं क्लब

आधारशिला का निर्माण करने के बाद आईआईएम राँची उन ऊँचाइयों को छूने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका इसने वादा किया था। आने वाले वर्षों में इस संस्थान के छात्र इसे महान सफलता प्राप्त करने में सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आईआईएम राँची में हम एक टीम के रूप में एक साथ मिलकर काम करने की योग्यता में विश्वास रखते है। इंस्टिट्यूट (संस्था) ने एक स्टूडेंट रन प्रक्रिया का विकास किया है और छात्रों का उचित मार्गदर्शन संकाय और प्रशासन के द्वारा किया जाता है।

समितियाँ

इंस्टिट्यूट के बहुमुखी विकास को सुनिश्चित करने के लिए, विभिन्न कमिटियों और क्लबों की स्थापना की गई है। कमिटियाँ छात्र संगठनों (निकायों) के समस्याविहीन प्रदर्शन को सुनिश्चित करता है, जबकि क्लब छात्रों को उनकी रूचि के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है।

एकेडेमिक कमिटी

एकेडमिक कमिटी छात्रों और संकायों के साथ सभी एकेडमिक विषयों पर छात्रों और संकायों के मध्य औपचारिक रूप से एक संवाद-संचार के चैनल के रूप में कार्य करता है, उन एकेडमिक विषयों में कक्षाओं के समय का निर्धारण और पुनर्निर्धारण, शिक्षण के क्षेत्र के गुणवत्ता की ग्रेडिंग, और समीक्षा कक्षाओं की आवश्यता आदि, शामिल हैं। इसके साथ ही यह निरन्तर विकास में सहयोग करने के आलावा, एकेडमिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, जैसे पुस्तकालय, एकेडमिक डाटाबेस आदि, के उन्नयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एकेडेमिक कमिटी संस्थान के नियमावली के आलोक में छात्रों के आचार-संहिता के प्रबंधन के लिए भी उत्तरदायी है। छात्रों के सामान्य लाभ के लिए, सम्बंधित कार्यशालाओं और ज्ञान सत्रों के आयोजन की जिम्मेदारी भी इसके कन्धों पर है।

प्लेसमेंट कमिटी

प्लेसमेंट कमिटी कॉर्पोरेट संबंधों और कॉलेज में प्लेसमेंट से सम्बंधित गतिविधियों के प्रबंधन के लिए उत्तरदायी है।

टेक्नोलॉजी कमिटी

आईआईएम राँची के स्टूडेंट एसोसिएशन के निर्देशन में टेक्नोलॉजी कमिटी कैम्पस में सभी तकनीकी और आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर से सम्बंधित मुद्दों के लिए उत्तरदायी है। यह सेवाओं के प्रबंधन और इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे एलएएन, इन्टरनेट की सुविधा, छात्र-संकाय ईमेल, सर्वर, सॉफ्टवेर एप्लीकेशन, वीडियो कांफ्रेंसिंग, वेबसाईट डिजायन और विकास से लेकर, आईआईएम राँची को ईआरपी, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम्स, लाइब्रेरी मैनेजमेंट, नए प्रक्रियाओं और सॉफ्टवेर के अनुप्रयोग के द्वारा होने वाले कार्यों को जैसे नामांकन, शुल्क भुगतान, कोर्स मैनेजमेंट, आदि को स्वचालित करने के लिये नवीन और अत्याधुनिक तकनीकों को लागू करने में सहायता करता है और उपयुक्त सलाह प्रदान करता है। तकनीकी समिति आईआईएम राँची को सर्वश्रेष्ठ तकनीकी सुविधा प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहता है। इसके साथ ही यह सभी प्रकार के ज्ञान प्रबंधन के कार्यों और छात्र संगठन (स्टूडेंट एसोसिएशन) के अधीन छात्र संगठनों के सॉफ्टवेर और टेक्नोलॉजी से सम्बंधित सभी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी उत्तरदायी है।

स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कमिटी

आईआईएम राँची मे हमारा यह विश्वास है कि सांस्कृतिक और खेल के कार्यक्रम छात्रों के समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पूर्णरूप से सुसज्जित व्यायामशाला (जिम्नेश्यिम) छात्रों को अपना पसीना बहाने का अवसर प्रदान करता है ताकि वे इस कठिन दैनिक रूटीन में शारीरिक रूप से तंदुरूस्त (फिट) बने रह सकें। व्यायामशाला (जिम्नेश्यिम) के अतिरिक्त, हॉस्टल में इनडोर और आउटडोर दोनों की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इनडोर सुविधाओं में कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस आदि शामिल हैं, और विश्वस्तरीय आउटडोर खेल की सुविधायें खेलगांव में उपलब्ध कराई गई हैं, जो हॉस्टल से कुछ ही दूरी पर स्थित है। आउटडोर सुविधाओं में क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, बास्केटबॉल, तैराकी आदि शामिल हैं। संस्था के द्वारा यथासंभव विभिन्न प्रकार के अंतर-कॉलेज टेबिल टेनिस, कैरम, क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाता है।

स्टूडेंट फैसिलिटीस कमिटी

जब बात पूर्ण रूप से आवासीय कार्यक्रम की होती है, तब छात्रों को उपलब्ध कराये गए सुविधाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। छात्र अपना कैरियर बनाने के लिए अपने घरों को छोडते हैं। चूँकि संस्था में सम्पूर्ण भारत के छात्र प्रवेश लेते हैं, अतः स्टूडेंट फैसिलिटी कमिटी (एसएफसी) यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक छात्र को उसके रूची के अनुसार पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन वर्ष भर उपलब्ध कराया जाये, जिसमें उत्तर भारतीय व्यंजन से लेकर दक्षिण भारतीय व्यंजन और चाइनीज व्यंजन, जिसे देखकर मुंह में पानी भर आता है, सभी प्रकार के भोजन उपलब्ध कराया जाता है, ताकि सभी छात्रों को संतुष्ट किया जा सके। कैंटीन सारी रात खुला रहता है, ताकि आधी रात के समय भी छात्रों के भोजन की इच्छा को पूर्ण किया जा सके। समय-सारणी के अनुसार आने-जाने के लिए वाहन भी प्रदान किया जाता है। मनोरंजनात्मक गतिविधियों के लिए विशेष आवागमन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है।

चौबीसों घंटे सुरक्षा प्रहरी हॉस्टल की सुरक्षा में संलग्न रहते हैं, इस प्रकार हॉस्टल पूर्णरूप से सुरक्षित रहता है। हाउसकीपिंग और लॉंड्री सेवा नियमित अन्तराल पर उपलब्ध कराई जाती है। एसएफसी यह सुनिश्चित करता है कि छात्रों को आईआईएम राँची में उनके प्रवास के दौरान वर्ष भर शांति और सुविधा प्राप्त हो।

लिटरेरी और मीडिया पीआर कमिटी

लिटरेरी और मीडिया पीआर कमिटी बहुत ही महत्त्वपूर्ण कार्य का संचालन करता है इस कमिटी के सदस्य दुनिया की आँखों में संस्था के ब्रांड की छवि को प्रतिष्ठापित करने मे अतिमहत्वपूर्ण कार्य का संपादन करते हैं।

लिटरेरी और मीडिया पीआर कमिटीं के सदस्यों के मध्य सहयोग की आवश्यकता है ताकि दोनों कमिटियाँ उचित प्रकार से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सके। लिटरेरी कमिटी प्रशासन के साथ-साथ शिक्षण के क्षेत्र के कर्मचारियों से भी विचार विमर्श कर त्रैमासिक न्यूजलेटर और वार्षिक पत्रिका में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का प्रकाशन सुनिश्चित करता है। मीडिया के लिए, पीआर कमिटी मीडिया के साथ संबंधों को बढावा देता है, ताकि आईआईएम राँची द्वारा आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों का प्रचार हो सके।

एलुम्नी एंड इंटरनेशनल रिलेशनस कमिटी

एलुम्नी एंड इंटरनेशनल रिलेशनस (एआईआर) कमिटी अन्य असंख्य जिम्मेदारियों के साथ, कॉर्पोरेट रिलेशनस कमिटी का भी सहयोगी है। यह संसार के अन्य महत्वपूर्ण बी-स्कूलों के साथ सम्बन्ध स्थापित करने का कार्य करता है, ताकि छात्र स्थानान्तरण कार्यक्रम को लागू किया जा सके, जो प्रसिद्ध बी-स्कूलों के पाठ्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वैश्विक परिदृश्य में, विविध संस्कृतियों का अनुभव प्राप्त करना किसी व्यक्तित्व को सशक्त और आकर्षक बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है, और इस महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी इस समिति को सौंपी गई है। कमिटी यह भी सुनिश्चित करती है कि आईआईएम राँची ब्रांड को अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हो। एलुम्नी कॉलेज के विरासत का एक महत्वपूर्ण भाग है। इसलिए एल्मुनी के साथ नेट्वर्किंग, कार्यशालाओं के माध्यम से एल्मुनी के बीच संवाद-संपर्क को बढ़ावा देना, व एकीकरण और विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एआईआर कमिटी के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आता है।

फाइनेंस क्लब

फाइनेंस के लिए एक क्लब फिनेस्से की शुरूआत एक छात्र के पहल पर की गई जो छात्रों में फाइनेंस क्वोशन्ट को पुष्ट करने और बढ़ाने के लिए समर्पित है। साथ ही यह इंडस्ट्री के सहयोग से संबंधों के विकास के लिए समर्पित है। फिनेस्से का कार्य छात्रों को फाइनेंस के क्षेत्र की रहस्यों को जानने-समझने में सहायता कर इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करना है। यह अपने सदस्यों को एक प्लेटफार्म प्रदान करता है जिससे कि उन्हें कॉर्पोरेट फाइनेंस, कैपिटल मार्केट्स, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, एंड अन्य सम्बंधित क्षेत्र के नवीनतम और अद्यतन ट्रेंड्स और विकास के परिचय, इंडस्ट्री से अपने संबंधों के द्व ारा प्रदान करें, और इसके लिए क्लब नवीनतम इकोनोमिक्स और फाइनेंस के विषयों पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन करता है। इसके अतिरिक्त क्लब एक त्रैमासिक पत्रिका का भी प्रकाशन करता है, जो विभिन्न सेक्टरों के विश्लेषण और स्टॉक मार्केट से सम्बंधित नवीनतम घटनाओं को प्रकाशित करता है।

मार्केटिंग क्लब

मारक्वेस, आईआईएम राँची का मार्केटिंग क्लब, छात्रों में मार्केटिंग की चाहत और रूचि जगाने के लिए समर्पित है और यह संभावित (मार्केटिंग) मैनेजरों को आवश्यक फिनेस्से (वित्त का आवश्यक ज्ञान) प्रदान करता है। मारक्वेस, विभिन्न सम्मेलनों, क्विजों और कार्यशालाओं के माध्यम से उन संकल्पनाओं और विचारों के प्रकटीकरण पर अपना ध्यान केन्द्रित करता है,

जो कंपनियों को उनके ग्राहकों की व्यापक जरूरतों और संकीर्ण इच्छाओं, को पूर्ण करने में सहायक है, जो संस्थाओं के जीवित रहने का सिद्धांत है। यह क्लब विभिन्न सम्मेलनों, सेमिनारों और बाजार के अनुसन्धान (मार्केट रिसर्च) के कार्यों का आयोजन करता है। मनोरंजन से युक्त विज्ञापन-निर्माण और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता के अलावा, क्लब विभिन्न संस्थाओं का केस एनालिसिस और कंपनियों के (लाइव) केस स्टडीज के माध्यम से उपयोग में लाये जा रहे उपायों और प्रथाओं का व्यवहारिक सम्पर्क अनुभव प्रदान करता है। इसके साथ क्लब वीकली न्यूजलेटर्स का प्रकाशन भी करता है, और यह अगले वर्ष मार्च से पूर्व अपने त्रैमासिक पत्रिका के प्रकाशन के लिए भी प्रयत्नशील है।

कंसल्टेंसी क्लब

आईआईएम राँची का कंसल्टेंसी क्लब "कॉनुन्ड्रम" का संचालन उद्योग की समस्याओं तथा चुनौतियों के व्यापक विश्लेषण द्वारा कंसल्टिंग डोमेन में उत्कृष्टता हासिल करने के उद्देश्य से किया जाता है।

इसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा जिसमें शामिल है छात्रों के सभी सेक्टर से संबंधित ज्ञान को समृद्ध बनाना, रणनीति पूर्ण खेलों तथा केस स्टडी आधारित प्रतियोगिताओं के आयोजन के द्वारा विश्लेषणात्मक एवं समाधान उन्मुख संस्कृति का विकास, और उद्योगों से परामर्श परियोजनाएं हासिल करना ताकि वास्तविक जीवन में उद्योगों की चुनौतियों के संबंध में प्रारंभिक अनुभव हासिल हो सके।

कॉनुन्ड्रम के दायरे में निम्नलिखित गतिविधियों की योजना तैयार की गई है :

- सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को आईआईएम रांची में परामर्श दिवस के रूप में मनाया जाए। आईआईएम रांची में प्रत्येक परामर्श दिवस पर, कॉनुन्ड्रम एक आकांक्षी कंसल्टेंट्स के लिए अवधारणा निर्माण पर मुख्य आधार के साथ मजबूत सत्र की मेजबानी करेगा।
- छात्रों के बीच परामर्श की भावना को प्रोत्साहन देने के लिए एक राष्ट्रीय स्तरीय सम्मेलन और नियमित रूप से इंट्रा तथा इंटर-कॉलेज प्रतियोगिताएं।

कॉनुन्ड्रम दुनिया भर के कंसल्टिंग क्लबों के साथ संबंध स्थापित करने का प्रयास कर रहा है, ताकि उनमें ज्ञान की साझेदारी की भावना पैदा की जा सके, और सभी संस्थानों से परामर्शी चुनौतियों में सहयोग और भागीदारी की जा सके। इसकी योजना गतिविधियों और अतिथि व्याख्यान की साझेदारी करना, और विभिन्न पहलुओं पर बातचीत करने हेतु एक मंच प्रदान करना है।

बुद्धिजीवी लीडर्स द्वारा व्याख्यान

उद्योग से ताल्लुक रखने वाले अतिथि वक्ता : 2012-13

क्रम सं0	वक्ता का नाम	पद	कंपनी
1	श्री ऐलेन सेक्वेरा	एक्जीक्यूटिव वाइस-प्रेसिडेंट-ग्रुप एचआर	महिन्द्रा ग्रुप
2	श्री संदीप चौधरी	पार्टनर	एओएन हेविट्ट
3	श्री पार्था दासगुप्ता	चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर	टपोजी लीड्स
4	श्री हलाडी सतीश राव	पूर्व डायरेक्टर जेनरल	एशियन डेवलपमेंट बैंक
5	श्री मनीष सिन्हा	डायरेक्टर-एचआर	बेक्टॉन-डिकिंसन
6	श्री ए के सक्सेना	एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर	भूषण स्टील
7	श्री आलोक महापात्रा	डायरेक्टर	बीएनपी परिबस
8	श्री अतुल सिन्हा	वीपी-न्यू बिजनेस डेवलपमेंट	ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज
9	श्री राजेश पद्मनाभान	हेड-एचआर	कैपजेमिनी
10	श्री वीर मेहता		कैपस्टोन बिजनेस सिमुलेशन
11	सुश्री रेवती कस्तुरे	हेड ऑफ रिसर्च	केयर रेटिंग
12	श्री गोपाल सिंह	चेयरमैन तथा प्रबंध निदेशक	सेंट्रल कोलफील्ड्स लि.
13	प्रो. बिजय आनंद	मैनेजर, इंजीनियरिंग सिस्टम्स	शिकागो ब्रिज ऐंड आयरन, हौसटन
14	श्री सरबप्रीत सिंह	हेड-एल ऐंड डी	सिटीबैंक
15	श्री भास्कर प्रसाद	एसवीओ	सिटीबैंक
16	डॉ पल्लब बंदोपाध्याय	डायरेक्टर-एचआर	सिट्रिक्स सिस्टम्स
17	श्री एस वी नाथन	डायरेक्टर-टैलेंट	डेलॉयट्ट
18	श्री मकरंद खटावकर	हेड-एचआर	ड्यूटस्च बैंक
19	श्री संजेश ठाकुर	पार्टनर	ई ऐंड वाई
20	सुश्री शैली गुप्ता	ग्रुप एचआर हेड	एडलवाइस कैपिटल
21	श्री अभिषेक भगत	प्रबंध निदेशक	एलारा कैपिटल
22	श्री अजय गर्ग	संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक	इक्विरियस कैपिटल
23	श्री ए के सिंह	सीईओ	एस्सार पावर
24	श्री नदीम काजिम	डायरेक्टर (एचआर ऐंड पर्सनल)	एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड
25	श्री दलजीत सिंह	प्रेसिडेंट	फोर्टिस हेल्थकेयर
26	श्री पिनाकी भादुरी	वाइस प्रेसिडेंट-स्ट्रेटेजी	फ्रोस्ट ऐंड सुलिवान
27	श्री पल्लव सिन्हा	संस्थापक एवं सीईओ	फुल्लेरटॉन सेक्युरिटीज
28	श्री विकास सिरोदकर	हेड-एचआर	जेनरल मोटर्स
29	श्री बिपलब बनर्जी	वाइस प्रेसिडेंट-एचआर	जेएसके
30	श्री क्रिस लक्ष्मीकांथ	सीईओ	हेड हंटर्स इंडिया प्रा. लिमिटेड
31	श्री जी के पिल्लई	चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक	हेवी इंजीनियरिंग कॉर्प
32	श्री के ए नारायण	प्रेसिडेंट	एचआर रेमंड्स
33	श्री घनश्याम दास खंडेलवाल	डायरेक्टर ऐंड हेड-स्ट्रैटेजिक ट्रांजेक्शंस ग्रुप (इंवेस्टमेंट बैंकिंग)	एचएसबीसी
34	श्री उत्कर्ष मजूमदार	वीपी-ग्लोबल रिसर्च (इक्विटी रिसर्च)	एचएसबीसी
35	श्री वी नीलकंठन	कंट्री हेड	आईबीएम
36	श्री पंकज मोहिन्द्रू	नेशनल प्रेसिडेंट	आईसीए
37	श्री अनूप बागची	एमडी ऐंड सीईओ	आईसीआईसीआई सेक्युरिटीज
38	श्री आर श्रीधर	वाइस प्रेसिडेंट-एचआर	आईटीसी लिमिटेड

क्रम सं0	वक्ता का नाम	पद	कंपनी
39	श्री डी कुमार	प्रबंध निदेशक	झारक्राफ्ट
40	श्री एम किशोर गांधी	एमडी	जेपी मॉर्गन
41	श्री संजय शर्मा	प्रेसिडेंट	जेएसपीएल
42	श्री अरूण नागारंजन	हेड-एफएक्स ऐंड डेरिवेटिव्स	कोटक महिन्द्रा बैंक
43	श्री विकास अग्रवाल	निदेशक	केपीएमजी
44	श्री दीपक भरारा	डायरेक्टर-कॉर्पोरेट एचआर	लंको इंफ्राटेक लिमिटेड
45	श्री ऐलेन सेक्वेरा	एडवाइजर	महिन्द्रा ऐंड महिन्द्रा
46	श्री शिवालिक प्रसाद	वाइस प्रेसिडेंट	मैप माइ इंडिया
47	श्री तपन रायगुरू	हेड ऑफ क्लाएंट सर्विसेज	म्यू सिग्मा
48	प्रो. वेकंटेश बी	संस्थापक तथा मैनेजिंग प्रिंसिपल	नावेरा कंसल्टिंग
49	श्री गणेसन अंपलावानर	एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट	नेस्ले इंडिया
50	श्री श्रमन झा	एसवीपी	एनआईआईटी
51	श्री रक्षित हरगवे	एमडी	निविया
52	श्री दिवाकर शुक्ला	पार्टनर	ओगिल्वी ऐंड मैथर
53	सुश्री गीतु वर्मा	एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर	पेप्सिको
54	श्री के श्रीराम	प्रेसिडेंट-सेल्स ऐंड मार्केटिंग	पिडिलाइट इंडस्ट्रीज
55	श्री वी श्रीनिवासन	जेनरल मैनेजर	पंजाब नेशनल बैंक
56	सुश्री पद्मजा अलगनंदन	एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर	पीडब्ल्यूसी
57	श्री नलिन कुमार	एमडी	राबोबैंक
58	श्री फणिन्द्र सामा	संस्थापक	रेडबस
59	श्री राजेश डर्घवेन	हेड-एचआर	रिलांयस कैपिटल एसेट मैनेजमेंट
60	श्री अमृत दास	सीनियर वाइस प्रेसिडेंट-एचआर	आरपीजी
61	श्री अजॉय लोधा	पार्टनर	सिंघी एडवाइजर
62	सुश्री संद्रा मार्तृरीस	डिपुटी सीईओ	सोसाइटी जेनेरल
63	श्री राहुल नेने	एसोसिएट डायरेक्टर	स्टैनटॉन चेस इंटरनेशनल
64	प्रो सुनील परमेश्वरन	चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर	तरहील कंसल्टेंसी सर्विसेज
65	श्री राजीव सिंह छाबरा		टाटा केमिकल्स
66	श्री रंजीत छाबरा	वीपी-सेल्स ऐंड मार्केटिंग	टाटा केमिकल्स
67	श्री पी सेंथिल कुमार	चीफ एचआर ऑफिसर	टाटा स्टील
68	श्री अरविंद सिंघल	संस्थापक एवं सीईओ	टेक्नोपार्क
69	श्री सेबी चाको	वाइस प्रेसिडेंट-एचआर	थॉमसन रूटर्स
70	श्री एन ई श्रीधर	सीनियर मैनेजर-बिजनेस एक्सेलेंस	टाइटन इंडस्ट्रीज
71	श्री गजेन्द्र नागपाल	संस्थापक तथा सीईओ	यूनिकॉन फाइनेंसियल इंटरमीडियरीस
72	श्री वीकेएम रेड्डी	ईवीपी ऐंड हेड-सप्लाई चेन	वोडाफोन
73	श्री सुशील कुमार तिवारी	एवीपी ऐंड हेड-ईआरपी	वोडाफोन ग्लोबल
74	श्री सुजीत सेन	एडवाइजर	वेबकॉन
75	श्री तन्मय कुमार	प्लानिंग डायरेक्टर	यम! रेस्टोरेंट
76	श्री अभिजीत सेनगुप्ता	जेनरल मैनेजर-एचआर	एवरेडी इंडस्ट्रीज
77	श्री अनिल बजाज	सीनियर जेनरल मैनेजर	एवरेडी इंडस्ट्रीज
78	श्री श्रीनाथ वेडुला	हेड-एचआर	भारती रियाल्टी लिमिटेड

राँची के विषय में

परम्पराओं का शहर

राँची झारखंड राज्य की राजधानी है और भारत के राष्ट्रीय खनिज संसाधनों का लगभग अठारह प्रतिशत भाग इस शहर में स्थित हैं। यह छोटानागपुर घाटी में समुद्र तल से लगभग 2,150 फीट की ऊँचाई पर स्थित हैं। एक परिपूर्ण चित्र के समान यहाँ झरने, पहाड़ियां, और हरी-भरी घाटियाँ स्थित हैं। अपने शांत और मनोरम वातावरण और ऐतिहासिक महत्व के विभिन्न आकर्षणों ने इसे एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में प्रतिष्ठित किया हैं।

राँची अपने प्राकृतिक परिवेश और स्फूर्तिदायक पहाड़ी हवा के कारण तत्कालीन बिहार राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी और स्वास्थ्य रिसॉर्ट हुआ करता था। भारत के स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद, राँची का निरंतर विकास होता रहा और इस शहर में तथा इसके आस-पास अनेकों औद्योगिक कल-कारखानें स्थित थे। वर्तमान समय में, यह झारखण्ड और अधिकांश पूर्वी भारत का वाणिज्यिक और व्यावसायिक गतिविधियों का केंद्र बन चुका है और अन्य दो औद्योगिक टाउनशिप जमशेदपुर और बोकारो के साथ मिलकर यह झारखण्ड राज्य के औद्योगिक संरचना को पूर्ण करता हैं।

यह झारखंड के सभी कोनों और पड़ोसी राज्यों से आये हुए मेहनती और उद्यमी लोगों का शहर है। हमेशा औद्योगिक केंद्र के रूप में विख्यात शहर, हाल के वर्षों में सेवा उद्योग में तीव्र विकास का गवाह भी रहा है, जिसमें विपणन, मीडिया, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि शामिल हैं। देश की अर्थव्यवस्था के भविष्य के महाशक्ति के रूप में राँची की क्षमता को उद्योग और सरकार द्वारा समान और विधिवत रूप से मान्यता दी गई है, और रांची दोनों क्षेत्रों से महत्वपूर्ण निवेश प्राप्त कर तेजी से एक आर्थिक केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। आगामी भारतीय शहरों के बीच सकल घरेलू उत्पाद और रोजगार सृजन में सबसे अधिक विकास दर प्राप्त करने की अपनी उपलब्धि पर गर्व करते हुए, राँची अपने लोगों की गतिशीलता के कारण एक धमाकेदार शहर के रूप में जबरदस्त परिवर्तन का साक्षात्कार किया है और यह भारत के भविष्य का शहर है।

इस शहर का नामकरण स्थानीय पक्षी 'रिन्ची' के नाम पर किया गया है, जो मुख्य रूप से राँची के 'पहाड़ी मंदिर' के आस-पास पाई जाती हैं।

छोटानागपुर पठार के दक्षिणी भाग में स्थित, राँची प्रचुर मात्रा में स्पृहणीय प्राकृतिक सुंदरता और सुरम्य वातावरण से संपन्न है। यहाँ अनेक 'जलप्रपात और झीलें' है। अपनी पहाड़ी स्थलाकृति के कारण, यहाँ की जलवायु वर्ष भर सुखद रहती है।

राँची को प्राकृतिक ने बहुतायत में खनिज संसाधनों का वरदान दिया है और इसी कारण इसे पूर्व के 'मैनचेस्टर' के रूप में जाना जाता है।

राँची अच्छी तरह से मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, बेंगलूर और चेन्नई जैसे अन्य मेट्रो शहरों से जुड़ा हुआ है।